# फीस बढ़ोतरी के खिलाफ कृषि छात्रों ने किया कुलपति सचिवालय का घेराव

**बीकानेर,** (कासं)। फीस बढ़ोतरी के विरोध में कृषि छात्रों ने कुलपति सचिवालय का घेराव किया।

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में धरना प्रदर्शन के चौहदवें दिन भी विवि प्रशासन न्यायोचित मांगों को मानने के बजाय साजिश करता रहा। डराता धमकाता रहा, छात्रों को तोड़ने में लगा रहा जिससे आक्रोशित छात्रों ने कुलपति सचिवालय का घेराव किया और दिनभर कुलपति बाहर निकलो की नारेबाजी करते रहे। कुलपति डॉ रक्षपाल सिंह के पुतले का मुंह काला करके जूतों की माला पहनाई। क्रमिक अनशन पर छात्रा अर्शदीप कौर रही। छात्र छः दिन से पूरे बीकानेर में कुलपति डॉ रक्षपाल सिंह लापता के पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते रहे।



स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में फीस बढ़ोतरी के विरोध में धरने पर बैठे छात्र।

छात्रों ने कहा कि कुलपति डॉ रक्षपाल सिंह जो विश्वविद्यालय में सेवा करने के लिये सरकार व राज्यपाल द्वारा लगाये गये है वो विश्वविद्यालय में आते हुए शरमा रहे हैं या डर रहे हैं या नजरअंदाज कर रहे हैं जो ग्यारह दिन से लापता हैं। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को चाहिये जितनी फीस विद्यार्थियों से ज्यादा भरवाई है वो वापस करें और अगले सेमस्टर से जितनी फीस गत वर्ष निर्धारित थी जो लगभग 70000 रुपये थी। वही वापस लागू करें बजाय के 130000 रुपये के जो दुगनी है। जिससे विद्यार्थी एवं विद्यार्थियों के अभिभावक किसान दिन प्रतिदिन कर्जायत होने से बचें।

छात्रों ने कहा वर्तमान में करोना महामारी के दौर में जहां विश्वविद्यालय द्वारा फीस में छूट देनी चाहिए। वहां विश्वविद्यालय द्वारा फीस में अत्यधिक व अनियमित बढ़ोतरी की गई है। जिस बोम की मीटिंग में विवि द्वारा अंधाधुंध फीस बढ़ाई गई, उसमें सरकार द्वारा नामित विधायक नहीं था। फिर भी कुलपति ने अपनी मनमानी करते हुए राजस्थान सरकार की धज्जियां उड़ाते हुए जानबूझकर बोम की मीटिंग की और ग्रामीण परिवेश के बच्चों को कर्जदार बनाने के लिए दुगनी फीस बढ़ा दी। छात्रों ने मांग की कि फीस बढाने के मामले की जांच होनी चाहिए। इससे पहले भी बोम की मीटिंग में सरकार द्वारा मनोनीत सदस्यों ने विवि को दशा और दिशा देने वाले बोम की मीटिंग को व्यक्तिगत उपस्थित होकर आपने सामने बैठकर करवाने को कहा। जबकि कुलपति जानबूझकर करोना का बहाना लेकर वर्चुअल करवाते और किसी ने बोलना चाहा तो उनका माइक बंद करते रहे।

छात्रों ने कहा सम्पूर्ण प्रकरण की

- **छात्रों ने मांग की कि फीस बढ़ाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए**

जांच उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर होनी चाहिए।

**विधि प्रतियोगी को दी जायेगी निःशुल्क कोचिंग :** न्यायिक और विधि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी।

संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि संभाग के विभिन्न विधि महाविद्यालयों से विधि स्नातक एवं अध्ययनरत विधि तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए यह व्यवस्था की जायेगी। इन विद्यार्थियों के लिए सिनेमैजिक रोड स्थित ज्ञान विधि पीजी महाविद्यालय में प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सांय 4 से 6 बजे तक निःशुल्क कक्षाएं लगेंगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों को 11 फरवरी तक आवेदन करना होगा। निःशुल्क कोचिंग और परामर्श के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता धनराज सोनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## राजस्थानी साहित्य कर रहा है चुनौतियों का सामना : रंगा

**बीकानेर,** (कासं)। प्रज्ञालय संस्थान द्वारा सोजत से आये वरिष्ठ शायर एवं बाल साहित्यकार अब्दुल समद राही के सम्मान में एक परिसंवाद का आयोजन सृजन-सदन नालन्दा परिसर में किया गया।

राजस्थानी साहित्य और चुनौतियां विषेयक परिसंवाद के मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए साहित्यकार अब्दुल समद राही ने कहा कि राजस्थानी साहित्य आज अनेक तरह की समस्याओं का सामना कर रहा है। इसमें प्रमुख रूप से प्रकाशन एवं राजस्थानी पुस्तक खरीद की समस्या महत्वपूर्ण है।

परिसंवाद का अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि कथाकार आलोचक कमल रंगा ने कहा कि आज राजस्थानी साहित्य कई स्तर पर अनेक चुनौतियों से सामना कर रहा है। खास तौर से गत 8 वर्षों से राजस्थानी अकादमी का संवैधानिक गठन न होना साथ ही राज्य सरकार की पुस्तक खरीद नीति में कम से कम 50 प्रतिशत राजस्थानी पुस्तकों की खरीद न करना राजस्थान में एक दुखद पहलू है।

साथ ही राजस्थानी साहित्यकार अपनी मातृ भाषा की मान्यता न मिलने की चुनौतियों से भी रूबरू हो रहे हैं। जिसका सीधा असर राजस्थानी की सृजन धारा पर हो रहा है।

## सार-समाचार

### टंकी पर चढ़ विरोध जताया



**बीकानेर,** (कासं)। गर्मी में पीने के पानी का संकट तो देखने को मिलता है लेकिन बीकानेर के रामपुरा एरिया में सर्दी में भी पेयजल संकट खड़ा हो गया है। परेशान लोगों को टंकी पर चढ़कर विरोध जताना पड़ा है। क्षेत्र के पार्षद के नेतृत्व में जलदाय विभाग के ऑफिस में प्रदर्शन के बाद बड़ी संख्या में लोग पानी की टंकी पर चढ़ गए, जिसमें महिलाएं भी शामिल थी। वार्ड 39 के पार्षद महेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि वार्ड के अनेक एरिया में तो पानी की पाइपलाइन ही नहीं पहुंची है। सरकार के हर घर में पानी पहंचाने के दावों के बीच ये हालात है कि लोगों को कई दिनों तक पीने का पानी नहीं मिलता है। इधर-उधर से मांगकर ही लोग पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। पिछले दिनों गर्मी में जन सहयोग से टैंकर से पानी पहुंचाना पड़ा। तब भी जलदाय विभाग ने इनकी बात नहीं सुनी। पार्षद भाटी का कहना है कि एरिया के लोग अब आक्रोशित है। आंदोलन के पहले चरण में टंकी पर चढ़कर विरोध दर्ज कराया गया है। विरोध करने पहुंचे मोहल्लावासियों में अधिकांश महिलाएं थी। उनका कहना था कि घर तक पानी पहुंचाने की सरकारी योजना कागजों में है। नल है लेकिन पानी नहीं आ रहा है। कई जगह तो नल भी नहीं है।

### जल योजना का शिलान्यास किया



**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने गांव 25 एमएल में जल योजना का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में विधायक गौड़ ने राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में अभूतपूर्व कार्य करवाए जा रहे हैं। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक गौड़ ने गंगानगर जिले में विगत 3 वर्षों में हुए विकास और निर्माण कार्यों का ब्यौरा देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले का सर्वांगीण विकास करवाया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों को लाभ देने की मंशा के साथ सरकार काम कर रही है। गांवों में किसानों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है। जल योजना के तहत भी अधिक से अधिक काम करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या दूर हो सके। गौड़ ने बताया कि जल योजना के निर्माण पर 33 लाख रुपए की लागत आयेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर गौड़ का स्वागत अभिनंदन किया। विधायक गौड़ ने मौके पर ग्रामीणों की समस्या जानकर उसका समाधान किया। इस अवसर पर सरपंच तरसेम सिंह, सतनाम सिंह, रामकुमार शर्मा, गुरप्रताप सिंह, बलदेव सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### पुष्करणा सावे की तैयारियों की समीक्षा



**बीकानेर,** (कासं)। पुष्करणा ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह (ओलंपिक सावे) के दौरान व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर(नगर) अरुण प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सामूहिक सावे से पूर्व शहर में साफ-सफाई, सार्वजनिक प्रकाश, बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति के संबंध की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नगर निगम उपायुक्त सुमन शर्मा ने बताया कि ओलंपिक सावे के मध्यनजर शहर के अंदरूनी क्षेत्र में साफ सफाई के लिए सांयकालीन पारी में दो ट्रैक्टर की व्यवस्था की गई है। वहीं विवाह समारोह स्थल तथा घर घर कचरा संग्रहण के लिए अतिरिक्त गाड़ियो की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि सफाई के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है जो सावे तक अवकाश के दिन भी कार्यरत रहेंगे। शहर में सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत के लिए अतिरिक्त संसाधन तथा मॉनिटरिंग सिस्टम को प्रभावी रूप से अमल में लाया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर(शहर) ने ओलंपिक सावे के मद्देनजर पानी की निर्बाध आपूर्ति तथा पाइपलाइन लीकेज की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.एल. मीणा ने बताया कि 8 से 19 फरवरी तक बारहगुवाड़ चौक में मेडिकल टीम मय एंबुलेंस तैनात रहेगी। नगर विकास न्यास सचिव नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि ओलंपिक सावे के मध्यनजर जस्सूसर गेट तथा नत्थूसर गेट पर तीन-तीन हाईमास्क लाइट लगाई जाएगी तथा शहर को जोड़ने वाली संपर्क सड़कों के मरम्मत का कार्य 15 फरवरी से पूर्व करवा दिए जाएंगे।

# 80 बूथों पर बच्चों व गर्भवतियों को टीके लगाये

**बीकानेर,** (कासं)। किसी कारणवश नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए बच्चों व गर्भवतियों के 12 जानलेवा बीमारियों से प्रतिरक्षण के लिए सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान 4.0 का प्रथम चरण शुरू किया गया।

पहले दिन जिले में सभी खण्डों व बीकानेर शहर में चिन्हित विशेष रूप से स्थापित कुल 80 बूथों पर बच्चों व गर्भवतियों को टीके लगाये गए। पहले से चिन्हित वंचित बच्चों व गर्भवतियों को आशा सहयोगिनियों व आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर निकट बूथ पर लाया गया।



बीकानेर में मिशन इन्द्रधनुष में वंचित बच्चों को टीके लगाये।

अभियान के तहत ऐसे क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं जहां टीकाकरण का प्रतिशत बहुत कम है और जिसे नियमित टीकाकरण द्वारा बढ़ाना मुश्किल है। जैसे झुग्गी बस्तियां, ईंट भट्टे, सुदूर ढाणियां व एएनएम के रिक्त पद वाले क्षेत्र। अभियान का द्वितीय चरण 7 मार्च व तीसरा चरण 4 अप्रेल से संचालित होगा।

अभियान के नोडल अधिकारी आरसीएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि विभिन्न बीमारियों के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न करने वाले हर टीके की अपनी अलग समय सारणी होती है। लेकिन यदि उसके अनुसार वो टीके ना लगें तो भी कुछ टीके बाद में शुरू कर उन्हें प्रतिरक्षित किया जा सकता है। मिशन इन्द्रधनुष बच्चों के प्रति हुई एक बड़ी भूल को सुधारने का अच्छा मौका है। उन्होंने आम जन से अपील की कि वे अपने और अपने जानकारी में ऐसे बच्चों को जरूर मिशन इन्द्रधनुष बूथ पर लेकर आएं। क्योकि जब जागो तब सवेरा है।

अभियान की सफलता के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों तथा समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने प्रभावी मॉनिटरिंग की और आवश्यक निर्देश दिए।

## सावे को लेकर बैंक ने नये नोट उपलबध कराए

**बीकानेर,** (कासं)। पुष्करणा सावा रमक झमक कार्यालय में एसबीआई बैंक द्वारा चलाए जा रहे कैश विनिमय काउंटर का आज समापन हुआ। दो दिन में कुल एक करोड़ छ हजार नए नोटों की गड्डियों का वितरण किया गया।

रमक झमक के अध्यक्ष प्रहलाद ओझा ने बताया कि सावा में शादी वाले परिवार के अलावा ननियाल पक्ष से मायरा व यज्ञोपवीत वाले परिवारों को भी कैश विनिमय के तहत बैंक द्वारा कैश विनिमय कर नए नोटों की गड्डियां उपलब्ध करवाई गई। ओझा ने बताया कि सावा में चाहे 10 का नोट ही हाथ में हो और नया व कड़कड़ा हो तो अलग ही खुशी होती है। रमक झमक की ओर से प्रहलाद ओझा व मुरली नारायण ओझा ने सावा पर नए नोटों की गड्डियों की व्यवस्था करने व वितरण करने की सेवा देने के लिये लीड बैंक मुख्य प्रबंधक एम. एम. एल. पुरोहित, एसबीआई पब्लिक पार्क ब्रांच के मुख्य प्रबंधक अश्वनी कुमार शर्मा अम्बेडकर सर्किल ब्रांच के कैश इंचार्ज अरुण आचार्य आदि का अभिनन्दन पत्र, माला व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

# कलेक्टर ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शहरी क्षेत्र की साफ-सफाई, सार्वजनिक प्रकाश, पेयजल लाइन लीकेज तथा सड़क दुरूस्तीकरण सहित प्रमुख पार्कों, चौराहों, सर्किल्स के रखरखाव और सौन्दर्यकरण कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नियुक्त अधिकारियों से वार्डवार सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में उन्होंने फीड बैक लिया और निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन अधिकारियों के फीडबैक के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रतिदिन की गई प्रगति की रिपोर्ट मय फोटो के साथ प्रस्तुत करे। उन्होंने सार्वजनिक सम्पत्ति विरुपण की रोकथाम व अतिक्रमण हटाने के मामलों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सार्वजनिक सम्पत्ति विरूपण अधिनिम की पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शहर साफ-सुथरा

- **पार्कों, चौराहों के रखरखाव कार्यों की समीक्षा की**

और स्वच्छ रहे तथा सभी संसाधनों का बेहतर उपयोग हो, इसके मद्देनजर शहर को विभिन्न जोन में बांटते हुए अधिकारियों को इनकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

कलाल ने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो कमियां पाई जाती है, उनका समाधान उसी दिन किया जाए। जिला कलेक्टर ने नगर निगम द्वारा उपलब्ध संसाधनों के उपयोग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन जमादारों को अधिकारियों द्वारा गंदगी वाले पाइंट बता दिए जाते है। उन पाइंट में अगर सफाई नहीं होती है, तो यह कार्य के प्रति घोर लापरवाही मानी जायेगी।

उन्होंने निगम अधिकारी को निर्देश दिए कि जो अधिकारी व कार्मिक सही ढंग से काम नहीं कर रहे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

# लता मंगेशकर को समर्पित गीतों भरी शाम 11 को

**बीकानेर,** (कासं)। अमन कला केन्द्र द्वारा 11 फरवरी को शाम 6:30 बजे टाउन हॉल में कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए फिल्मी गीतों का रंगारंग कार्यक्रम गीतों भरी शाम का कार्यक्रम स्वर कोकिला लता मंगेशकर को समर्पित कर आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम में लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार, मोहम्मद अजीज, शब्बीर कुमार, अनवर हुसैन, नितिन मुकेश, कुमार सानू, उदित नारायण पर केन्द्रित रहेगा। संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सखा संगम के अध्यक्ष एन. डी. रंगा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रुप से डॉ प्रवीण चतुर्वेदी व एम. आर. मुगल करेंगे। विशिष्ट अतिथि रोशन अली बागवान डॉ पी. के. सरीन, डॉ श्याम अग्रवाल, समुद्र सिंह राठौड़, नेमीचंद गहलोत, डॉ हिमांशु दाधीच, डॉ दिनेश शर्मा, डॉक्टर सुधीर शर्मा, डॉ योगेश, डॉ पुनीत खत्री, रामदेव अग्रवाल, अविनाश भार्गव, अशोक सोनी जसमतिया, यश बंशी माथुर होंगे। संस्था के अनवर अजमेरी ने बताया कि कार्यक्रम में अहमद हारून, हसन कादरी, सिराजुद्दीन खोखर, एम रफीक कादरी, ललित शर्मा, मेघराज नागल, सुमन पंवार, गोपा मण्डल दीपिका प्रजापत मौजूद थे।

## बीकानेर नगर निगम की साधारण सभा 12 को

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम बोर्ड की साधारण सभा की बैठक 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे वेटरनरी ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त पंकज शर्मा ने बताया कि बैठक में निगम के प्रस्तावित बजट अनुमान वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं संशोधित बजट अनुमान वित्तीय वर्ष 2021 - 22 पर विचार विमर्श कर पारित किया जाएगा। साथ ही निगम के पुनर्विनियोजन बजट प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2020-21 पर विचार विमर्श कर पारित किया जाएगा।

# 10 लाख की ठगी, खाता खंगाल पुलिस आरोपी तक पहुंची

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। बिहार के दो ठगों ने बैंक कर्मचारी बनकर श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में तैनात सेना एक हवालदार को झांसे में लिया और उससे दस लाख रुपये से ज्यादा ठग लिए।

वारदात करीब 25 दिन पहले हुई थी। इसकी रिपोर्ट सूरतगढ़ के सदर थाने में दर्ज हुई। पूरी वारदात में आरोपियों ने सेना के हवलदार को खुद के बैंक कर्मचारी होने का विश्वास दिलाया और एक ही बार में खाते से दस लाख बीस हजार नौ सौ रुपए निकाल लिए। हवलदार को वारदात की

- **सेना के हवलदार के खाते से निकाले दस लाख रुपए थे**

जानकारी मिली तो उसने सूरतगढ़ के सदर थाने में माामला दर्ज करवाया। सदर पुलिस ने ऑपरेटिंग करने वाले आरोपी के खातों की डिटेल निकाली तो पुलिस आसानी से आरोपी तक पहुंच गई। इस मामले में सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सूरतगढ़ लाया गया है।

जांच अधिकारी इंद्राज पूनिया ने सेना के हवलदार जितेंद्र कुमार से जानकारी जुटाने के बाद उन बैंक एकाउंट्स की जानकारी जुटाई जिनमें रुपए ट्रांसफर किए गए। उन खातों से जुड़े मोबाइल नंबर और उन्हें खुलवाने के दौरान यूज किये गए डॉक्यूमेंट्स को सर्च किया तो मामला बिहार के नालांदा जिले के राजगीर थाना के रोहित पुत्र उमेश और विकास पुत्र सुनील से जुड़ता दिखा। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस सूरतगढ़ लेकर आई। अब इनका रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है। ठगी का शिकार जितेंद्र भी बिहार के वजीरगंज का है।

# भाटी के धरना स्थल पर कलश यात्रा के साथ भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। गोचर , ओरण व चारागाह की जमीन पर कब्जों को नियमन करने के राज्य सरकार के फैसले के बाद से बीकानेर में पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी का शरह नथानियान गोचर भूमि में चल रहा बेमियादी धरना 27 वें दिन जारी रहा।

धरना स्थल पर भजन, कीर्तन व श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। मंगलवार को भागवत के शुरूआत से पहले कलश यात्रा निकाली गई। जो सुबह 11.30 बजे श्रीराम गणेश मंदिर मौसम विभाग से शुरूआत कर गोचर भूमि धरना स्थल पर पहुंची। गोचर, ओरण में कब्जों को नियमन करने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ देश भर में गौ भक्तों में रोष है।



बीकानेर के सरह नथानियान गोचर में दिये जा रहे धरने में संत छैलबिहारी पहुंचे, कलशयात्रा निकाली।

आज राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी व गौ सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंघल लखनऊ व मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष यशपाल सिंह सिसौदिया ने भाटी से दूरभाष पर चर्चा कर आगामी रणनीति पर वार्ता की । उन्होंने भाटी को बताया कि संगठन की राजस्थान की सभी इकाईयों को इस आन्दोलन को अपना मुखर समर्थन देने के लिए निर्देश दिये गये हैं।

भाटी के प्रवक्ता सुनील बांठिया ने बताया कि भागवत कथा के आरम्भ से पूर्व श्रीराम गणेश मंदिर पर सैकड़ों गौ भक्त महिलाएं जमा हो गई। अपने सिर पर कलश उठाये ये महिलाएं कीर्तन करती हुई धरना स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में धर्म परायण महिलाएं-पुरुष साथ थे। कलश यात्रा में आगे-आगे बालसंत छैल बिहारी महाराज , क्षेत्रीय पार्षद सुधा आचार्य, अंशुमान सिंह भाटी,

- **दीपक व ज्योत्सना मोदी ने जोड़े सहित भागवत पुराण का पूजन करवाया**

अंजु पुरोहित, संतोष राठौड़, सुमित्रा व्यास, विमला जाजड़ा, अन्नपूर्णा जाजड़ा, सुमन शेखावत, पुष्पा कंवर व शारदा राव, ओमप्रकाश कुलरिया, शेखर भाटी, मितेश आशदेव, कुणाल पारीक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

कथा की शुरूआत से पूर्व दीपक व ज्योत्सना मोदी ने जोड़े सहित भागवत पुराण का पूजन करवाया। कथा मंच पर देवीसिंह भाटी , देवकिशन चांडक व मोदी दम्पति द्वारा भागवत की स्थापना की गई। बाल संत श्रीप्रैल बिहारी महाराज ने भागवत श्रवण की महिमा का बखान किया। बालमंत ने कहा कि गाय के बिना सनातन संस्कृति का कोई अस्तित्व ही नहीं बचेगा।

# एडवांस लाइफ स्पोर्ट 108 एम्बुलेंस जनता को समर्पित

**हनुमानगढ़,** (कासं)। विधायक चौधरी विनोद कुमार ने विधायक कोटे से 25 लाख रुपए की लागत से क्रय की गई एडवांस लाइफ स्पोर्ट (एएलएस) 108 एम्बुलेंस को मंगलवार को जिले के जरूरतमंद नागरिकों के लिए समर्पित की।

इस एम्बुलेंस का उपयोग एमजीएम जिला चिकित्सालय द्वारा गम्भीर मरीजों को उच्च संस्थान पर रैफर करने में किया जायेगा। स्वास्थ्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चौधरी विनोद कुमार एवं अन्य अतिथिगणों ने एएलएस 108 एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आज कार्यक्रम में हनुमानगढ़ विधायक चौधरी विनोद कुमार, जिला प्रमुख कविता मेघवाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया, नगर परिषद् सभापति गणेशराज बंसल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक असीजा, पूर्व प्रधान दयाराम जाखड़, भूपेन्द्र चौधरी, कृष्ण जैन, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा,





हनुमानगढ़ विधायक चौधरी विनोद कुमार ने एएलएस 108 एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

पीएमओ डॉ. दीपकमित्र सैनी, आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह, एसीएमएचओ डॉ. पवन कुमार सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, सीएमएचओ कार्यालय का स्टॉफ एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

हनुमानगढ़ विधायक चौधरी विनोद कुमार ने कहा कि इलाज के अभाव में जिले के किसी भी व्यक्ति की जान नहीं जानी चाहिए। इसके लिए जो भी मूलभूत सुविधाओं की जरूरत होगी, उन्हें दी जायेगी। ऐसे में जिलेवासियों को नई एएलएस 108 एम्बूलेंस दी जा रही हैं। अब गंभीर रोगी को किसी भी उच्चतम संस्थान पर भेजा जा सकेगा। चिकित्सकीय सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं व्यवस्थाओं में दिन-प्रतिदिन विस्तार किया जा रहा है।